उत्तर प्रदेश में नई विद्युत परियोजना स्थापित किए जाने के प्रस्ताव

2707. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य में नई विद्युत परियोजनायें स्थापित किये जाने के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो केन्द्रीय सरकार के अनुमोदनार्थ लम्बित पड़े हैं ;

(ख) इन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा वे किस-किस तारीख को प्राप्त हुए थे; और

(ग) इस संबंध में केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और कितने प्रस्तावों को सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने की संभावना है और तथा इन्हें कब तक अनुमोदित कर दिया जायेगा ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) से (ख) उत्तर प्रदेश को निम्नलिखित विद्युत परियोजनायें केन्द्रीय सरकार के पास अनुमोदन के लिये लम्बित पड़ी हैं :—

क्र०सं०	परियोजना का नाम	क्षमता	प्राप्त होने की तिथि	टिप्पणी
1	2	3	4	5
1.	कोटेश्वर (टीएचडीसी)	400	नवम्बर, 1986	पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के पास निवेश संबंधी अनुमोदन के लिए लम्बित।
2.	टिहरी डैम–2	1000	जून, 1984	निवेश संबंधी अनुमोदनार्थ लम्बित ।
3.	गोरी गंगा केंद्र-3-क (एनएचपीसी) 3-ख	140	जनवरी, 1992	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन।
4.	टियनी पलासु	42	जनवरी, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन।
5.	बोवाला नन्द प्रयाग	132	मई, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन।
6.	तपोवन विष्णुगढ़	360	मई, 1993	के.वि.प्रा./के.ज.आ. के जांचाधीन।
7.	विष्णु प्रयाग	400	जुलाई, 1993	के.वि.प्रा. के. जांचाधीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित।
थर्मल				
8.	बेलथेरा रोड टीपीएस	750	25.11.91 4.11.92	के.वि.प्रा. के जांचाधीन।
9.	अनपारा "सी" टीपीएस	1000	21.8.92	के.वि.प्रा. के जांचाधीन।
10.	रोसा टीपीएस	750	22.2.93	के.वि.प्रा. के जांचाधीन।
11.	जवाहरपुर टीपीएस	750	22.2.93	के.वि.प्रा. के जांचाधीन।

(ग) प्रस्तावों के अनुमोदन पर लगने वाला समय राज्य सरकारों/परियोजना प्राधिकारियों द्वारा प्रदत्त विवरणों तथा विभिन्न संबंधित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार अभिकरणों की स्वीकृतियों पर निर्भर करती है।